वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन

वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में विगत वर्षों की भाँति राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए दिनांक 14 सितम्बर, 2021 को हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. आर.एस.सी. जयराज द्वारा हिन्दी दिवस समारोह का उद्घाटन किया गया। हिन्दी दिवस के उद्घाटन सत्र में श्री शंकर शॉ, कनिष्ठ अनुवादक ने संस्थान के निदेशक डॉ. आर.एस.सी. जयराज, भा.वा.से. सहित उपस्थित वरिष्ठ वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कार्मिकों का स्वागत किया और उन्होंने अपने स्वागत भाषण कहा कि राजभाषा नीति का अनुपालन भारतीय संविधान का सम्मान है। उन्होंने यह भी कहा कि राजभाषा नीति का अनुपालन भारत के प्रथम नागरिक महामहिम राष्ट्रपति महोदय के आदेशों का सम्मान है।

सर्वप्रथम संस्थान के समूह समन्वयक (अनुसंधान) डॉ. राजीव कुमार बोरा, वैज्ञानिक-जी ने संस्थान के उपस्थित सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलवाई। इसके पश्चात संस्थान के निदेशक महोदय ने सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संस्थान की राजभाषा लक्ष्यों को प्राप्त करने का अनुरोध किया। संस्थान के डॉ. राजीब कुमार बोरा, वैज्ञानिक-जी ने भी अपने संबोधन में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ‘ग’ क्षेत्र की राजभाषा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

हिन्दी दिवस समारोह में निबंध लेखन प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता, आशुभाषण प्रतियोगिता, हिन्दी श्रुतलेख प्रतियोगिता, हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारिवृंदों एवं परियोजन स्टाफ ने बढ-चढ़कर सहभागिता की।

हिन्दी दिवस समारोह का समापन उसी दिन दिनांक 14 सितम्बर, 2021 को संस्थान के ब्रह्मपुत्र सम्मेलन कक्ष में कार्यक्रम का आयोजन करते हुए किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के कनिष्ठ अनुवादक श्री शंकर शॉ द्वारा संस्थान में हिन्दी की वर्तमान स्थिति का बहुपार्श्वीय आरेख प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होंने संस्थान की विभिन्न उपलब्धियों यथा – आज का द्विभाषी शब्द लिखने, हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के बैठकों का निरूपण, संस्थान में हिन्दी प्रशिक्षण की स्थिति, असमिया-हिन्दी ई-पत्रिका, संस्करण-4 के प्रकाशन इत्यादि पर विस्तारपूर्वक आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण किए गए। इसके अलावा, संस्थान में दिनांक 15.10.2020 को आयोजित “पूर्वोत्तर भारत में हिन्दी” विषयक हिन्दी वृत्तचित्र कार्यशाला में आयोजित लिखित परीक्षा में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के अंत में श्री राजीव कुमार कलिता, वैज्ञानिक-ई ने धन्यवाद ज्ञापन किया। अपने संबोधन में हिन्दी दिवस को सफल बनाने एवं प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के आयोजित प्रतियोगिताओं के परीक्षकों के सहयोग पर भी आभार व्यक्त किया।

वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन | 2021

वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन | 2021

वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन 2021